संक्षिप्त

प्रौढ़ की हत्या के मामले का आरोपी गिरफ्तार

बांसवाड़ा । आनंदपुरी थाना पुलिस ने नाहरपुरा गांव में प्रौढ़ की हत्या के मामले का खुलासा करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया। थानाधिकारी कपिल पाटीदार ने बताया कि 11 फरवरी को नाहरपुरा रोड के किनारे मोगा पुत्र रंगा डामोर का शव पड़ा होने तथा शरीर पर जगह-जगह चोटे होने के संबंध में सूचना मिली। जिस पर घटनास्थल का निरीक्षण कर रिपोर्ट प्राप्त की गयी।

चौबीसा को मिलेगा पुरस्कार

भीण्डर। भीण्डर के महात्मा गांधी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में अध्ययनरत धानी चौबीसा का राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड राज्य पुरस्कार अवार्ड सेरेमनी जो कि जयपुर में आयोजित होगी उसमें उदयपुर जिले से चयन हुआ। संघ सचिव गणपत लाल मेनारिया ने बताया कि धानी चौबीसा स्काउट के चरणबद्ध निर्धारित राज्य पुरस्कार पाठ्यक्रम, प्रशिक्षण व परीक्षण में उत्तीर्ण होकर जयपुर में राज्य पुरस्कार अवार्ड सेरेमनी में उदयपुर जिले की सर्वश्रेष्ठ गाइडर के रुप में प्रतिनिधित्व करेगी।

सफाई व्यवस्था को जांचने कॉलोनियों में घर-घर पहुंचे कलक्टर

राजसमंद, । स्वच्छता को लेकर जिले में गत कुछ महीनों में विशेष बदलाव परिलक्षित हुए हैं। जिला कलक्टर बालमुकुंद असावा स्वच्छता पर विशेष जोर दे रहे हैं जिनसे कम समय में ही जिले में सफाई व्यवस्था बेहतर हुई है। निरंतर समीक्षा के साथ यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि कहीं कोई कमी न रहे। जिला कलक्टर बालमुकुंद असावा गुरुवार को शहर की हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी और द्वारका नगर में अचानक सुबह-सुबह 7 बजे पहुंच गए।

कलक्टर के साथ नगर परिषद आयुक्त बृजेश राय सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद थे। इस दौरान कलक्टर ने घर-घर जाकर लोगों से सफाई व्यवस्था को लेकर धरातलीय फीडबैक लिया। इस दौरान आमजन ने बडी संख्या में नियमित सफाई कर्मचारियों एवं ठेकेदार के माध्यम से लगे सफाई कर्मचारियों के समय पर नहीं आने की शिकायत कलक्टर को दी जिस पर उन्होंने संबंधित जमादार और एसआई के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई अमल में लाने तथा ठेकेदार पर पैनल्टी लगाने के लिए आयुक्त बृजेश राय को हाथों-हाथ निर्देश प्रदान किए। साथ ही फीडबैक के दौरान लोगों ने कचरा संग्रहण वाहन (ऑटो टिपर) समय पर नहीं आने की भी शिकायत दी जिस पर भी जिला कलक्टर ने संबंधित ठेकेदार पर पेनल्टी लगाने तथा पाबंद करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिला कलक्टर हाउसिंग बोर्ड स्थित सामुदायिक भवन और सार्वजनिक पार्क भी पहुंच गए। यहां उन्होंने दोनों जगहों पर मरम्मत और रंग रोगन को लेकर आयुक्त को निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि जिले में साफ-सफाई व्यवस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने जिलेभर में नगर निकायों और ग्राम पंचायतों को निर्देश दिए हैं कि सार्वजनिक स्थलों, बाजारों, सरकारी कार्यालयों, स्कूलों, अस्पतालों और आवासीय क्षेत्रों में नियमित सफाई सुनिश्चित की जाए।

साथ ही कचरा प्रबंधन प्रणाली को प्रभावी बनाने, नालियों की सफाई समय पर कराने और स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए विशेष अभियान चलाने के निर्देश भी दिए। कलक्टर ने आमजन से भी अपील की कि वे स्वच्छता बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करें और अपने आसपास के क्षेत्रों को गंदगी मुक्त रखें।

रैन बसेरा की व्यवस्थाओं का लिया जायजा

राजसमंद । राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के आदेशानुसार रैन बसेरा में आश्रय लेने वाले यात्रियों को सर्दी से बचाव व अन्य व्यवस्थाओं के लिए अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश संतोष अग्रवाल ने गुरूवार को धोईन्दा स्थित संचालित रैन बसेरे का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। अग्रवाल ने बताया कि सर्दियों से बचाव के लिए आश्रय स्थल में बिस्तर, तकिया, रजाई व चद्दर पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध होना तथा स्वच्छ होना पाया गया।

निरीक्षण के समय कोई आश्रयरत नहीं पाया गया, नहाने के लिए गर्म पानी की व्यवस्था उपलब्ध होना बताया। महिला और पुरूषों के लिए पृथक-पृथक कमरे उपलब्ध हैं। आश्रितों के मनोरंजन के लिए टीवी उपलब्ध है, बसेरे में सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरे उपलब्ध हैं, पीने के लिए स्वच्छ पेयजल की उचित व्यवस्था उपलब्ध है। प्राथमिक उपचार किट उपलब्ध है सफाई व्यवस्था संतोषजनक पाई गई। निरीक्षण के समय प्रेमलता पालीवाल उपस्थित मिली। साथ ही भीलवाडा रोड कांकरोली स्थित रैन बसेरे का भी निरीक्षण किया गया।

जहां पर आश्रितों के मनोरंजन के लिए टीवी, सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरे उपलब्ध पाए गए। पीने के लिए स्वच्छ पेयजल की उचित व्यवस्था उपलब्ध है। प्राथमिक उपचार किट उपलब्ध है सफाई व्यवस्था संतोषजनक पाई गई। निरीक्षण के समय केयर टेकर सोनू तथा मांगीलाल उपस्थित मिले।

27 फरवरी तक लगेंगे शिविर

राजसमंद । जिले में सौर ऊर्जा के व्यापक संभावनाओं को देखते हुए उद्यान विभाग की ओर से प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाभियान (पीएम-कुसुम) योजना के अंतर्गत किसानों को सिंचाई के लिए 3.00, 5.00, 7.50 एवं 10.00 एचपी क्षमता तक स्टैंड अलोन सौर ऊर्जा पंप संयंत्रों पर अनुदान उपलब्ध कराने के लिए पंचायत समिति कार्यालयों पर जागरूकता एवं आवेदन शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। उद्यानिकी उप निदेशक कल्प वर्मा ने बताया कि ये शिविर 18 फरवरी से 27 फरवरी 2025 तक आयोजित किए जाएंगे। ये शिविर 18 को देवगढ, 19 को भीम, 20 को आमेट, 21 को राजसमंद, 22 को कुम्भलगढ, 24 को रेलमगरा, 25 को देलवाडा एवं 27 फरवरी 2025 को खमनोर में आयोजित किया जाएगा। इस योजना के तहत किसानों को लागत का 60 प्रतिशत अनुदान प्रदान किया जाएगा। ०3.00 एचपी पंप पर 1.14 लाख रुपये, 5.00 एचपी पंप पर 1.76 लाख रुपये तथा ०7.50 एवं 10.00 एचपी पंप पर 2.38 लाख रुपये अनुदान दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त एससी-एसटी वर्ग के किसानों को प्रति पंप 45 लाख रुपये का अतिरिक्त अनुदान दिया जाएगा।

सार-समाचार

भीण्डर में हुआ होलिका रोपण

भीण्डर। भीण्डर एवं आसपास क्षेत्र में बुधवार को माद्य षुक्ल पूर्णिमा के अवसर पर षुभ मुर्हुत में होलिका रोपण किया गया। भीण्डर के सुरजपोल चौराहे पर सनातन धर्मोत्सव सेवा समिति के तत्वावधान में प्रतिवर्श की भांति सुबह 11.15 बजे षुभ मुहूर्त में होलिका रोपण किया गया। जिसमें सनातन धर्मोत्सव सेवा समिति अध्यक्ष कन्हैयालाल वेणावत, सोनू सुथार, यशवंत साहू, नरेश विजावत, हरीश कड़वावत, दीपक कड़वावत, जयेश धर्मावत, राकेश उपाध्याय, ऋषि भोजावत आदि सदस्य उपस्थित थे। इसके अलावा विभिन्न स्थानों पर भी होलिका रोपण किया गया। एक माह बाद आगामी फाल्गुन षुक्ल पुर्णिमा के अवसर पर होलिका दहन होगा। इसके अगले दिन धुलण्डी खेली जायेगी। वहीं होली पर्व से पहले गेर का आयोजन षुरू हो जायेगा।

भावेश सनाढ्य बने तैराकी चैंपियन

राजसमंद, । जिले के शारीरिक शिक्षक भावेश सनाढ्य ने 2०24-25 सिविल सेवा तैराकी प्रतियोगिता में 2०० मीटर बैक और 4०० मीटर आईएम में स्वर्ण पदक जीतकर राजस्थान चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया है। उनकी इस उपलब्धि पर राउप्रावि सरकेला, फरारा के पीईईओ सुशील कुमार, सुरेंद्रसिंह, वीणा वैष्णव, संस्था प्रधान रामलाल भील, सरिता सैनी, सुमन, रेखा नंदा और निष्ठा गौड ने हर्ष व्यक्त किया हैं। अब भावेश सनाढ्य आगामी 4 से 5 मार्च तक गांधी नगर, गुजरात में आयोजित होने वाली नेशनल सिविल सेवा प्रतियोगिता में राजस्थान का प्रतिनिधित्व करेंगे। उनके कोच जिला तैराकी संघ के अध्यक्ष विनोद सनाढ्य और सचिव मुकेश पालीवाल हैं। अध्यक्ष विनोद सनाढ्य ने बताया कि यह भावेश सनाढ्य का 2०वां नेशनल है, जबकि सचिव मुकेश पालीवाल ने उनकी इस उपलब्धि को अथक प्रयास का परिणाम बताया है। 15 साल बाद फिर से प्रयास करके राजस्थान चैंपियन बनने पर भावेश सनाढ्य को बधाई दी जा रही है। यह जानकारी अध्यापिका वीणा वैष्णव ने दी।

देसूरी की नाल मार्ग की सुरक्षा पर जोर

राजसमंद, । राजसमंद सांसद महिमा कुमारी मेवाड ने केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात कर देसूरी की नाल मार्ग की सुरक्षा को लेकर महत्वपूर्ण मुद्दे उठाए। यह मार्ग राजसमंद को पाली जिले से जोडता है और हाल ही में लगातार होने वाले हादसों ने क्षेत्रवासियों में चिंता की लहर दौडा दी है। मुलाकात के दौरान महिमा कुमारी मेवाड ने कहा कि देसूरी की नाल मार्ग पर लगातार दुर्घटनाओं के कारण यात्रियों में भय का माहौल बना हुआ है। उन्होंने केंद्रीय मंत्री से इस समस्या के समाधान के लिए त्वरित कार्रवाई करने का आग्रह किया। सांसद ने जोर दिया कि इस मार्ग पर सुरक्षा उपायों की जल्द से जल्द व्यवस्था होनी चाहिए ताकि यात्रियों की जान और सुरक्षित परिवहन सुनिश्चित किया जा सकें। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने इस मुद्दे को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए आश्वासन दिया कि जल्द ही इस मार्ग की स्थिति में सुधार के लिए कार्य शुरू किया जाएगा। गडकरी ने यह भी कहा कि देसूरी की नाल में एलिवेटेड सडक निर्माण की योजना पर विचार चल रहा है, जिससे आने वाले दिनों में क्षेत्रवासियों को बडी खुशखबरी मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। इस कदम से न केवल यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित होगी, बल्कि क्षेत्र के लोगों में भरोसे की नई उम्मीद भी जगाई जाएगी। राज्य सरकार और केंद्रीय मंत्री की सक्रिय पहल से उम्मीद की जा रही है कि आने वाले दिनों में इस मार्ग पर होने वाली दुर्घटनाओं को रोका जा सकेंगा।

बीएन कॉलेज में साइबर क्राइम पर कार्यशाला

राजसमंद, । जिला मुख्यालय स्थित बीएन पीजी गर्ल्स कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाई की ओर से साइबर क्राइम जागरूकता विषय पर तृतीय एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। प्राचार्या डॉ अपर्णा शर्मा ने बताया कि कॉलेज में छात्राओं को न केवल शैक्षणिक अपितु सामाजिक एवं तकनीकी रूप से जागरूक किया जाता है। छात्राओं को वर्तमान में बढ रहे साइबर क्राइम से सतर्क रहने के लिए इस कार्यशाला का आयोजन किया गया। उपाचार्य डॉ इन्द्रसिंह राठौड ने कहा कि साइबर अपराध केवल तकनीकी नहीं बल्कि सामाजिक समस्या भी बन चुका है।

मोबाइल उपयोग के दौरान सतर्कता ही सुरक्षा का उपाय : चारण

बांसवाड़ा । पीएमश्री महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय खान्दूकॉलोनी में राजतालाब थाना प्रभारी दिलीप सिंह चारण के मुख्य आतिथ्य एवं प्राचार्या माया सेमसन की अध्यक्षता में साइबर एवं सडक़ सुरक्षा विषयक वार्ता आयोजित कीग यी। थानाधिकारी चारण ने कहा कि वर्तमान समय में साइबर अपराधों के बढने के कारण इन गतिविधियों के प्रति जागरूक होना प्रत्येक नागरिक के लिए जरूरी है। उन्होंने कहा कि साइबर फ्रोड के चलते आम नागरिक एवं परिवार धोखे के शिकार हो रहे है इनसे बचाव के लिए आवश्यक है कि इलेक्ट्रोनिक उपकरणों का प्रयोग करते समय सावधानी बरती जाए। साथ ही उन्होंने फोन, कम्प्यूटर आदि को चलाते समय अनजाने नम्बर से आए फोन अथवा लिंक से सम्बद्धता नहीं बनाने का आन भी किया। उन्होंने कहा कि मोबाइल के उपयोग के दौरान एप को डाउनलोड करते समय उनकी रेटिंग को देखकर ही उसका उपयोग सुनिश्चित करे साथ ही अपने डाटा किसी को शेयर न करे एवं मोबाइल पर आने वाली ओटीपी सभी को शेयर न करते हुए इसकी प्रमाणिकता को पहले पहचानने का कार्य सुनिश्चित करे ताकि होने वाले धोखे से बचा जा सके। मुख्य अतिथि ने सडक़ सुरक्षा के लिए छात्र-छात्राओं को दुपहिया वाहन चलाने के दौरान नियमित रूप से हेलमेट का उपयोग करने का आ ान करते हुए कहा कि यातायात नियमों की अनदेखी से प्रतिदिन सडक़ दुर्घटनाएं बढ़ती जा रही है जिसमें अधिकांश युवा दुघर्टना के शिकार हो रहे है अतरू यातायात नियमों की पालना करते हुए हमे वाहन को चलाना होगा। प्राचार्या माया सेमसन ने कहा कि वर्तमान समय प्रतिस्पर्धा के कारण मोबाइल एवं इन्टरनेट का पढाई में उपयोग करना आवश्यक है लेकिन इन सभी के लिए सतर्कता जरूरी है एवं इसके लिए साइबर अपराधों सें बचने के उपायो की जानकारी होना आवश्यक है। उन्होंने छात्र-छात्राओं का आ ान किया कि वे इस प्रकार धोखे एवं फ्रोड से बचने के लिए साइबर सुरक्षा की पूरी जानकारी रखे। संचालन वरिष्ठ अध्यापिका दक्षा उपाध्याय ने किया जबकि आभार प्रथम सहायक प्रभुलाल यादव ने माना।

आवासहीन परिवारों को मिलेगा 1.20० लाख रुपये का अनुदान

राजसमंद, । मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा विमुक्त, घुमन्तु एवं अर्द्धघुमन्तु समुदाय के आवासहीन परिवारों को स्थायी आवास उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री घुमन्तु आवास योजना के तहत 1.20० लाख रुपये तक का अनुदान प्रदान किया जा रहा है। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उप निदेशक दीपेन्द्रसिंह ने बताया कि बजट घोषणा वर्ष 2024-25 में यह योजना लागू की गई है, जिसके अंतर्गत वे परिवार लाभान्वित होंगे जो अब तक स्थायी आश्रय से वंचित हैं और शहरी या ग्रामीण क्षेत्रों की झुग्गी बस्तियों में अस्थायी तंबुओं, झोपडियों, कच्चे आदि में रह रहे हैं। इन बस्तियों में स्वच्छता, पेयजल, सीवरेज, बिजली, सडक और सार्वजनिक शौचालय जैसी बुनियादी सुविधाएं भी उपलब्ध नहीं हैं। योजना के तहत उन आवासहीन परिवारों को लाभान्वित किया जाएगा, जिन्हें पहले से पट्टे वितरित किए गए हैं। ऐसे परिवार जन आधार के माध्यम से ई-मित्र पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

ओरल और मैक्सिलोफेशियल सर्जन डे पर विविध कार्यक्रमों का आयोजन

उदयपुर, । पेसिफिक डेंटल कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर के ओरल और मैक्सिलोफेशियल सर्जरी विभाग द्वारा अंतर्राष्ट्रीय ओरल और मैक्सिलोफेशियल सर्जन डे उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर कई शैक्षिणक एवं रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिसमें फेस पेंटिंग, रंगोली प्रतियोगिता एवं सोप कार्विंग जैसे कार्यक्रम शामिल रहे। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य ओरल और मैक्सिलोफेशियल सर्जरी के क्षेत्र में जागरूकता बढ़ाना, विद्यार्थियों को इस विषय की गहराई से जानकारी देना तथा आम जनता को मुंह एवं जबड़े से जुड़ी बीमारियों और उनके उपचार के प्रति सचेत करना था।

ओरल और मैक्सिलोफेशियल सर्जरी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. गौरव भारद्वाज ने बताया कि इस अवसर पर एक दिवसीय वर्कशॉप का आयोजन किया गया, जिसमें मैक्सिलोफेशियल सर्जन की कार्यशैली के महत्व पर प्रकाश डाला गया।

इस कार्यशाला के दौरान ओरल और मैक्सिलोफेशियल सर्जरी विभाग के सह-आचार्य डॉ. प्रियांक राय ने मुँह के कैंसर की प्राथमिक जांच एवं उसके बचाव के बारे में बताया।

इस दौरान स्नातकोत्तर छात्रों द्वारा मुंह के कैंसर की प्राथमिक जांच एवं उसके बचाव के लिए जागरूकता अभियान भी चलाया गया। इस अभियान के तहत आम जनता को मुंह के कैंसर के लक्षण, कारण एवं रोकथाम से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी गई।

इस अवसर पीडीसीआरसी के प्रिंसिपल डॉ.रवि कुमार,ओरल और मैक्सिलोफेशियल सर्जरी विभाग सहायक आचार्य डॉ.महबूल हुड्डा, डॉ.अलफिशा, डॉ.शैली एवं डॉ.रिषभ आदि उपस्थित रहे।

'प्रेम मानवीय भावनाओं और संबंधों की प्रेरक शक्ति'

उदयपुर, 13 फरवरी। प्रेम मानवीय भावनाओं और संबंधों की प्रेरक शक्ति है, जबकि बुद्धि एक मार्गदर्शक प्रकाश की तरह कार्य करती है, जो सही निर्णय लेने में सहायता करती है। प्रेम से रिश्ते मजबूत होते हैं, और बुद्धि उन्हें संतुलित व सार्थक बनाए रखने में सहायक होती है। यदि प्रेम अत्यधिक हो और उसमें बुद्धि का अभाव हो, तो यह आवेगपूर्ण निर्णयों की ओर ले जा सकता है, वहीं दूसरी ओर, यदि बुद्धि अत्यधिक हो और प्रेम न हो, तो व्यक्ति ठंडा और दूर लग सकता है। संतुलन बनाए रखना आवश्यक है, जिससे प्रेम को सही दिशा मिले और वह परिपक्वता के साथ व्यक्त किया जा सके।

यह विचार गुरुवार को जनार्दन राय नागर राजस्थान विद्यापीठ डीम्ड टू बी विश्वविद्यालय एवं अंजुमन तरक्की उर्दू, राजस्थान के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित भाषा एवं संस्कृति महोत्सव 2025 के उद्घाटन सत्र में वक्ताओं ने कहे। श्रमजीवी महाविद्यालय में "लव एंड विजडम इन आवर लाइफ" विषय पर आयोजित इस महोत्सव के उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता कुलपति प्रो. कर्नल शिव सिंह सारंगदेवोत ने की।

उद्घाटन सत्र में कुलपति प्रो सारंगदेवोत ने कहा कि जीवन में बुद्धि प्रेम को मार्गदर्शन देती है, जिससे व्यक्ति दूसरों की जरूरतों को बेहतर ढंग से समझ पाता है और किसी भी परिस्थिति में संयम व संवेदनशीलता के साथ व्यवहार करता है। प्रेम भी बुद्धि को समृद्ध करता है, क्योंकि गहरा प्रेम हमें अधिक समझदार और संवेदनशील बनाता है। यह संतुलन कठिन समय में प्रियजनों का सहारा बनने, रिश्तों में स्वस्थ सीमाएँ बनाने और करुणा के साथ निर्णय लेने में सहायक होता है। जब प्रेम और बुद्धि संतुलित होते हैं, तो व्यक्ति के रिश्ते गहरे, मजबूत और अधिक अर्थपूर्ण बनते हैं। इससे न केवल व्यक्तिगत जीवन समृद्ध होता है, बल्कि समाज में भी सकारात्मकता और सामंजस्य बना रहता है।

आयोजन सचिव प्रो. सरबत खान ने बताया कि कार्यक्रम में कुलाधिपति भंवरलाल गुर्जर सहित डॉ. राधिका चोपड़ा, राजस्थानी भाषा के विद्वान प्रो. कल्याण सिंह शेखावत (जोधपुर), प्रो. शफी किदवई विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। आयोजन अध्यक्ष प्रो. हेमेंद्र चौधरी तथा महाविद्यालय डीन प्रो. मलय पानेरी ने भी विचार रखे।

दो दिवसीय महोत्सव अंतर्गत विभिन्न सत्रों का आयोजन किया जा रहा है। उद्घाटन सत्र के उपरांत पूरे दिन संस्कृत , हिंदी, अंठोजी और उर्दू भाषाओं पर केंद्रित विविध व्याख्यान आयोजित किए गए, जिनमें विषय विशेषज्ञों ने प्रेम व बुद्धि के जीवन में महत्व पर विस्तृत विचार प्रस्तुत किए।

भव्य भारती अविरल धारा" संस्कृत काव्यधारा भाषा संस्कृति महोत्सव में बही। भाषा संस्कृति महोत्सव के अंतर्गत विभिन्न विषयों पर विभिन्न छात्रों के माध्यम से परिचर्चा का आयोजन हुआ जिसमें संस्कृत भाषा की परिचर्चा में सुखाड़िया विश्वविद्यालय से विभागाध्यक्ष प्रो नीरज शर्मा, संस्कृत शिक्षा से डॉ भगवती शंकर व्यास, डॉ चंदन बाला मारू, श्रीनिवासन अय्यर ने विचार रखे।

साथ ही हिन्दी विषय में हिंदी विभाग द्वारा नागार्जुन मंच के तहत सुप्रसिद्ध कहानीकार प्रो तराना परवीन द्वारा उनकी स्वरचित अत्यंत मार्मिक एवं विचारों उत्तेजक कहानी का पाठ किया गया। उनकी प्रस्तुत कहानी एक अनोखे प्रेम को प्रदर्शित करने वाली है।नागार्जुन मंच के तहत ही द्वितीय सत्र में प्रसिद्ध रचनाकार डॉक्टर सदाशिव श्रोत्रिय से डॉक्टर हुसैनी बोहरा द्वारा लेखक से मिलिए: संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।

इसी क्रम में अंठोजी विभाग द्वारा भी भाषा एवं संस्कृति महोत्सव 2025 के अंतर्गत व्याख्यान आयोजित किया गया अतिथि के रूप में मुख्यवक्ता बी एन विश्वविद्यालय से प्रो अपर्णा शर्मा, मुख्य अतिथि टेक्नो एनजे आर से प्रो. रेखा तिवारी, कवि लेखक अनुभूति जैन, डॉ शारदा वी भट्ट, आयोजन सचिव डॉ आरती जैन उपस्थित रहे। साथ ही इस अवसर पर विद्यार्थियों ने कविता पाठ के साथ अपनी विभिन्न रचनाओं से प्रतिभा को दर्शाया। संचालन डॉ चित्रा दशोरा ने किया। इसी क्रम में उर्दू भाषा मैं भी परिचर्चा हुई जिसमें प्रो तारीक छतारी, प्रो ख्वाजा इकराम , प्रो मंजू चतुर्वेदी ने लव एंड विजडम इन आवर लाइफ विषय पर विचार रखे। शाइस्ता ने कविता पाठ किया। सायंकालीन सत्र में प्रसिद्ध संगीत गायिका डॉ. राधिका चोपड़ा की उपस्थिति में संगीत संध्या का आयोजन हुआ, जिसमें श्रोताओं ने संगीतमय प्रस्तुति का आनंद लिया।

आम सूचना

हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि मेरे कार्याथी प्रफुल्लचन्द बडोला पिता भंवर लाल बडोला निवासी दानी चबुतरा राजनगर तहसील व जिला राजसमंद के स्वामित्व आधिपत्य के चार आवासीय रूपान्तरणशुदा भूखण्ड जो राजस्व गांव नाथद्वारा तहसील नाथद्वारा में स्थित आराजी नं. 2022 2023, 2041 है उनमें से जिसके भूखण्ड स. 1 का जिसका क्षेत्रफल 1240 वर्ग फीट, भूखण्ड संख्या 2 का क्षेत्रफल 1400 वर्ग फीट भूखण्ड सं. 3 का क्षेत्रफल 1400 वर्ग फीट, भूखण्ड संख्या 4 का क्षेत्रफल 2420 वर्ग फीट के है उक्त भूखण्डो का कार्यालय नगर पालिका नाथद्वारा जिला राजसमंद के द्वारा जरिये पत्रावली संख्या 134 / 2010-11 पट्टा संख्या 1052 दिनांक 20.12.2010 को भूखण्ड संख्या एक का, पत्रावली संख्या 134 / 2010-11 पट्टा संख्या 1053 दिनांक 20. 12.2010 को भूखण्ड संख्या दो का, पत्रावली संख्या 134 / 2010-11 पट्टा संख्या 1054 दिनांक 20.12.2010 को भूखण्ड संख्या तीन का, पत्रावली संख्या 134 / 2010-11 पट्टा संख्या 1055 दिनांक 20.12.2010 को भूखण्ड संख्या चार का आवासीय रूपान्तरण श्री वाला उर्फ वालुराम पिता चुन्ना जी भील निवासी सिरोही की भागल पंचायत समरूण तहसील नाथद्वारा के नाम पर भूमि रूपान्तरण की कार्यवाही की गई। जिसका पंजीयन कार्यालय उप पंजीयक नाथद्वारा के यहाँ उपरोक्त चारो पट्टा विलेख का दिनांक 13-01-20211 को पंजीयन करवाया गया है। उपरोक्त चारो भूखण्ड में से भूखण्ड संख्या एक व दो को श्री बालु उर्फ वालाराम पिता चुन्ना जी भील निवासी सिरोही की भागल पंचायत समरूण तहसील नाथद्वारा से श्री लक्ष्मीनारायण पिता रामचन्द्र जी आमेटा निवासी रिछेड तहसील गढबोर ने दिनांक 17-01-2011 को विक्रय किया गया, तथा श्री लक्ष्मीनारायण पिता रामचन्द्र जी आमेटा निवासी रिछेड तहसील गढबोर से मेरे कार्याथी के द्वारा उक्त भूखण्ड संख्या एक व दो को दिनांक 06-07-2011 को जरिये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र से क्रय किया गया तथा भूखण्ड संख्या तीन व चार को श्री वालु उर्फ वालाराम पिता चुन्ना जी भील निवासी सिरोही की भागल पंचायत समरूण तहसील नाथद्वारा से मेरे कार्याथी के द्वारा दिनांक 17.01.2011 को जरिये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र से क्रय किये है। उपरोक्त वर्णित चारो भूखण्ड के असल पट्टा विलेख मेरे कार्याथी को विक्रेता के द्वारा सुपुर्द किये गये थे।मेरे कार्याथी से दिनांक 25-01-2025 को उपरोक्त पट्टा विलेख के असल दस्तावेज कही गिर कर गुम हो चुके है जिसकी मेरे कार्याथी के द्वारा पुलिस थाना राजनगर में गुमसुदगी रिपोर्ट सं. 19/2025 दिनांक 11.02.2025 को दर्ज करवाई गई। अतः उपरोक्त गुम हुए चारो असल पट्टा विलेख यदि किसी भी व्यक्ति को मिले तो मुझे अथवा मेरें कार्याथी को अविलम्ब लौटा देवे तथा उक्त दस्तावेज का कोई भी व्यक्ति दुरूपयोग नहीं करे !

दिनांक :- 12-02-2025 (मुकेश दाधीच)
कार्यालय सुन्दर कोलोनी, भीलवाडा रोड
कांकरोली जिला राजसमंद मो. नं. 9414289408

नाम परिवर्तन

मैंने अपना पुराना नाम बाबू खा पठान (BABU KAH PATHAN) से बदलकर नया नाम बाबू खान पठान (BABU KAHN PATHAN) रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जावे।
पता-बाबू खान पठान पुत्र गुलाब खाँ मानक चौक राजनगर राजसमन्द

नाम परिवर्तन

मैंने अपना पुराना नाम शाहीन जहाँ (SHAHIN JAHAN) से बदलकर नया नाम शाहीन पठान (SHAHIN PATHAN) रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जावे।
पता-शाहीन पठान पत्नी बाबू खान पठान माणक चौक राजनगर जिला राजसमंद

E-Auction For Salvage Disposal of Development Drill Machine Sandvik Jumbo 38

E-Auction forms are invited for participating in e-auction for Disposal of Salvage of Development Drill Machine Sandvik Jumbo 38 **"As Is Where Is"** basis, belonging to **M/s Hindustan Zinc Ltd.**
Inspection can be done till: **24/02/2025 Till 12 pm (Prior Appointment) Date of E-auction is 24/02/2025 from 4 pm onwards**
E auction Forms with Earnest Money Deposit (EMD) to be submitted latest by **24/02/2025** up to by **2 PM** at the auctioneer's address OR at seller's address.
E-Auction Portal is **www.rlasalvage.auction,** visit and register yourself.
Forms can be obtained from the details given below:
For Inquiries please Contact:
Mr. Mukul Gupta: +91-9999707373
R L Agarwal Salvage Solution LLP, Plot No. 18, Block C2, Sushant Lok Phase-1, Gurgaon-122002.

कार्यालय अतिरिक्त मुख्य अभियंता एवं पदेन परियोजना प्रबन्धक
वाटरशेड सेल कम डाटा सेन्टर, प्रतापनगर, उदयपुर
(विशाल पेट्रोल पम्पके सामने जलग्रहण विकास एवं भू संरक्षण परिसर)
E-mail Dwdu-udaipur1@gmail.com

क्रमांक: एफ/( )निविदा /लेखा/2023-24/6998 दिनांक:10.02.2025

-:खुली निविदा आमंत्रण सूचना 71/2024-25:-

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से जलग्रहण विकास एवं भू संरक्षण विभाग,उदयपुर/ सलुम्बर के प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के अन्तर्गत चयनित ग्रामों में नारा लेखन का कार्य अनुमानित लागत 7.00 लाख करने हेतु एवं दोष निवारण, के लिए उपर्युक्त ऑर्थोराइज्ड सेवाप्रदाता/ डीलर/निर्माता कम्पनी में पंजीकृत संवेदको, से दिनांक 14.02.2025 को सायं: 06 तक मोहरबन्द लिफाफे में खुली निविदा आमंत्रित की जाती है।
नोट: निविदा सम्बधित विस्तृत शर्ते कार्यालय समय में देखी/ प्राप्त की जा सकती है।

UBN No.WSC2425SSOB01192

(अतुल जैन)
अतिरिक्त मुख्य अभियन्ता पदेन परियोजना प्रबन्धक, वाटरशेड सेल कम डाटासेन्टर, प्रतापनगर उदयपुर

कार्यालय उदयपुर विकास प्राधिकरण, उदयपुर (राज.)

क्रमांक : F7(12)PLAN / LANDUSE/2024-25/297-298 दिनांक : 13/2/2025

आम - सूचना

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि राज्य सरकार के द्वारा गुलाब कोठारी बनाम राजस्थान सरकार एवं अन्य सिविल रिट संख्या 1554 / 2004 में माननीय उच्च न्यायालय, जोधपुर के द्वारा पारित निर्णय के क्रम मे सरकार के विभागीय आदेश दिनांक 20-07-2017 के अनुसार एवं राज्य सरकार के द्वारा समय-समय पर वृहद / व्यापक जनहित के दृष्टिगत मास्टर प्लान में भू-उपयोग परिवर्तन अनुझये किये जाने के संबंध मे प्रदत्त आदेशों / परिपत्रों की अनुपालना मे निम्नलिखित प्रकरण भू-उपयोग परिवर्तन बाबत् विचाराधीन है:-

क्र. सं.	आवेदक का नाम	राजस्व ग्राम/ योजना	खसरा संख्या / ब्लॉक संख्या	भूखण्ड संख्या	क्षेत्रफल	भूखण्ड / भूमि की स्थिति	भू-उपयोग परिवर्तन
1	श्री राकेश कुमार रोत पिता श्री लाभचन्द रोत एवं श्री नारायण गमेती पिता श्री लखमा गमेती	डबोक	4505/4253, 4494/4254, 4386/2479, 4385/2479	-	0.3725 हैक्टयर (कृषि भूमि)	राजस्व ग्राम डबोक के खसरा संख्या 4541/2474, 4543/ 2475, 4545/2476 आदि के अनुमोदित प्लान के समीप स्थित है।	विशेष क्षेत्र-2 (SA-2) उपयोग से आवासीय प्रयोजनार्थ

उक्त प्रकरण के भू-उपयोग परिवर्तन के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो न्यास कार्यालय में इस सूचना जारी होने की तिथि से 15 दिवस में किसी भी कार्य दिवस में निम्नहस्ताक्षरकर्ता को प्रस्तुत कर सकते है। इस समयावधि में कोई आपत्ति प्राप्त नही होने पर भू-उपयोग परिवर्तन बाबत अग्रिम कार्यवाही की जायेगी । **सचिव, उदयपुर विकास प्राधिकरण, उदयपुर**

प्रारूप-10 (नियम-6 (7) देखिए)

कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी एवं आयुक्त नगर पालिका, नाथद्वारा

सं./न.पा.नाथ./90 क/25/16939 दिनांक :12/02/2025

लोक-सूचना

श्री भीम राज रेगर पुत्र श्री भैरूलाल रेगर निवासी रेगर मोहल्ला, राज्यवास जिला -राजसमन्द ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का गैर कृषिक प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है,